तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 समाजजनों ने कलेक्टर से मुलाकात कर दी कार्यक्रम...

11 जनचौपाल में विधायक ने सुनी आमजन की समस्याएं...


## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 3 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। जिसमें कृषि विभाग, सहकारिता एवं उद्योग विभाग, शिक्षा, वन, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी, स्वास्थ्य, जल संसाधन, समाज कल्याण, विद्युत, पशुपालन, मत्स्य एवं समग्र शिक्षा विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

# सहस्त्रधारा स्नान के बाद अस्वस्थ हुए प्रभु, अनसर काल में करेंगे विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्णिमा पर सोमवार को भक्तों द्वारा सहस्त्रधारा स्नान कराए जाने के बाद से भगवान श्री जगन्नाथ बीमार हो गए हैं। स्वास्थ्य लाभ के लिए पंचमी से सेवायत आयुर्वेदिक पद्धति से उनका उपचार होगा। महाप्रभु के बीमार हो जाने के बाद से ही मंदिर के पट बंद हो गए हैं। अब 15 जुलाई को नेत्रोत्सव के साथ भगवान श्री जगन्नाथ स्वस्थ होंगे और दूसरे दिन 16 जुलाई को भक्तों को दर्शन देने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

श्रीराम जानकी मंदिर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के पंडित नारायण दास वैष्णव ने बताया कि महास्नान के बाद बीमार हुए भगवान को स्वस्थ करने दवा स्वरूप काढ़ा के साथ ड्रायफ्रूट उन्हें भोग में अर्पित किया जाएगा। बीमार भगवान श्री जगन्नाथ भले ही भक्तों को दर्शन नहीं दे रहे। लेकिन विश्राम कक्ष में रविवार से भगवान श्री जगन्नाथ की नियमित सेवा की जाएगी। भगवान को दालचीनी, जावित्री, कालीमिर्च, लौंग, इलायची का काढ़ा अर्पित किया जाएगा। ये सारी सेवाएं स्कंद पुराण के उत्कल खंड में जो नियम बताए गए हैं, उसके अनुसार ही चलती हैं। पुजारी ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ के बीमार होने के बाद 15 दिनों के लिए मंदिर के पट बंद हैं। जो सीधे 15 जुलाई को नेत्रोत्सव के साथ महाप्रभु स्वस्थ होंगे और दूसरे दिन अलसुबह मंगला आरती के साथ ही भक्तों के लिए मंदिर के पट खुलेंगे और उसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ , बहन सुभद्रा व बड़े भैया बलराम के साथ रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने स्वयं नगर भ्रमण पर जाएंगे।

## महाप्रभु के बीमार हो जाने के बाद से ही मंदिर के पट बंद, 15 दिन बाद देंगे दर्शन

### 25 जुलाई को बहुड़ा यात्रा

पौराणिक कथा के अनुसार नगर भ्रमण के बाद वे अपनी मौसी के यहाँ विश्राम करने जाएंगे। जिस दिन भगवान भक्तों को दर्शन देंगे उस दिन को लोग रथयात्रा पर्व के रूप में मनाते हैं। रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। 25 जुलाई को भगवान अपने मौसी के घर से वापस मंदिर आएंगे जिसे बहुड़ा यात्रा पर्व के रूप में मनाया जाएगा। श्री वैष्णव ने बताया कि मंदिर पहुंचने के बाद भगवान सो जाएंगे। इसके बाद कोई मांगलिक कार्य नहीं होगा।



### धार्मिक महत्व

जगन्नाथ परंपरा में स्नान पूर्णिमा के बाद अनसर काल का विशेष महत्व है। इस अवधि को भगवान के विश्राम, उपचार और पुनः नवयौवन प्राप्त करने का समय माना जाता है। इसके उपरांत होने वाली रथयात्रा को सनातन परंपरा के सबसे प्रमुख उत्सवों में से एक माना जाता है।

## फरियाद : जनपद उपाध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

# सरकारी जमीन को दोबारा हथियाने का आरोप, कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेलसोंडा में नेशनल हाईवे-353 से लगी करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर दोबारा कब्जा करने की कोशिश, न्यायालय द्वारा भूमि सत्यापन की निर्धारित तिथि से ठीक एक दिन पहले पूर्व सरपंच और उनके सहयोगियों ने जेसीबी मशीन से ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित पत्थर की सरकारी बाउंड्रीवॉल ढहा दी। इस घटना को लेकर कोर्ट की अवमानना और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए आज जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुँच कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाई की मांग की।



जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर व सरपंच प्रीति धीवर ने बताया कि पटवारी हल्का नंबर-37 के खसरा नंबर 1661 शासकीय भूमि है। संबंधित भूमि का न्यायालय द्वारा 29 जून को सत्यापन किया जाना था। इससे ठीक एक दिन पहले 28 जून की सुबह करीब 7:30 बजे पूर्व सरपंच भामिनी चंद्राकर, उनके पति पोखन चंद्राकर, भांजे तेजेश्वर चंद्राकर तथा लक्ष्मीकांत चंद्राकर ने कथित रूप से जेसीबी लगाकर पंचायत की पत्थर की बाउंड्रीवॉल तुड़वा दी।

सरपंच व जनपद उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उक्त शासकीय भूमि पर पूर्व सरपंच का लंबे समय से अवैध कब्जा था। कुछ माह पूर्व तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में प्रशासन ने कार्रवाई कर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया था। बाद ग्राम पंचायत ने सरकारी जमीन की सुरक्षा के उद्देश्य से चारों ओर पत्थर की बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया था, जिसे अब फिर से तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि केवल खसरा नंबर 1661 ही नहीं, बल्कि पीडब्ल्यूडी की खसरा नंबर 1663 की शासकीय भूमि पर भी कंटीले तारों की घेराबंदी कर अवैध कब्जा किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने एव क्षतिपूर्ति वसूल कर दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पूर्व सरपंच का दावाः राजस्व अमले ने दिया क्लीन चीट

बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने कहा है कि चार



महीना पहले उनकी पुश्तैनी जमीन क़ो दुश्मनीवश शासकीय बताकर तोड़ा गया। इसके विरोध में पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने इस पूरे मामले क़ो कलेक्टर के संज्ञान में देकर शासकीय भूमि खसरा नंबर 398 वर्तमान में खसरा नंबर 1661, 1651 तथा 2466 रकबा क्रमशः 0.06, 0.33 तथा 0.59 का बंदोबश्त त्रुटि सुधार तथा पुराने अभिलेख के अनुसार सीमांकन के लिए आवेदन दिया था तथा 25/6/26 के बंदोबश्त त्रुटि सुधार तथा मौका जाँच में जिला स्तरीय राजस्व टीम ने हल्का पटवारी राजकुमार पवार तथा राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव की उपस्थिति में मौका जाँच कर पंचनामा तैयार किया। जिसके अनुसार वास्तव में शासकीय भूमि 398 (1661.1651.2466) क़ो पूर्व सरपंच की लगानी भूमि से अलग बताकर त्रुटिपूर्ण बताया।

## पांच करोड़ रुपए का जब्त गांजा नष्ट



**महासमुंद।** जिले के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 7 प्रकरणों में जब्त 980.70 किलो गांजा नष्ट कर दिया। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 5 करोड़ 12 लाख 5 हजार 500 रुपये आंकी गई है। गांजा नष्टीकरण की कार्रवाई 29 जून को बेलसोण्डा स्थित बालाजी प्लांट में जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में संपन्न हुई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक महासमुंद, जिला आबकारी अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक एवं एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स), नोडल अधिकारी तथा रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में जब्त मादक पदार्थ का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन उपरांत निर्धारित प्रक्रिया के तहत गांजे का सुरक्षित नष्टीकरण किया गया। नष्ट किए गए गांजे में जिले के थाना कोमाखान के तीन, थाना बसना के एक तथा थाना सांकरा के तीन एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण शामिल हैं। इनमें वर्ष 2025 के तीन और वर्ष 2026 के चार मामलों में जब्त अवैध गांजा शामिल था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा न्यायालयीन प्रक्रिया के अनुरूप जब्त सामग्री के सुरक्षित निपटान के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनदर्शन में कलेक्टर लंगेह ने सुनी आमजनों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

जनदर्शन में ग्राम पंचायत मामा भांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली के निवासियों ने गांव में बोर खनन, ग्राम बम्हनी के जागेश्वरी पाल ने भू अभिलेख में नाम सुधरवाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, अतिक्रमण, पीएम सम्मान निधि, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना एवं राशन कार्ड से संबंधित एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता, जवाबदेही और प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। जनदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डराने-धमकाने वाले को पुलिस ने किया गिरफतार

**सरायपाली।** बलौदा पुलिस ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ एक सख्त और त्वरित कार्रवाई की है। सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर आम जनता को डराने-धमकाने वाले एक 21 वर्षीय युवक को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम बलौदा के गायत्री चिकित्सालय के पास धारदार हथियार (हंसिया) को लहराते हुए, आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर थाना बलौदा पुलिस मौके पर पहुँच कर उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो अपना नाम विकाश भोई पिता नरेंद्र भोई (21) ग्राम बलौदा थाना बलौदा जिला महासमुंद का रहने वाला बताया। आरोपी का कृत्य नागरिकों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत जुर्म दर्ज किया।






## खबर संक्षेप

### तृतीय लिंग सिक्योरिटी गार्ड भर्ती के लिए शिविर 2 को

**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 2 जुलाई को वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह इंटरव्यू रायपुर स्थित संबल केंद्र आईडीएसएमटी बिल्डिंग गांधी चौक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस वॉक-इन-इंटरव्यू में अलर्ट एस.जी.एस. प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के कुल 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस इंटरव्यू में प्रदेश के सभी जिलों के तृतीय लिंग समुदाय के पात्र अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में की जाएगी।

### शासकीय कर्मचारी बच्चों संग साझा कर रहे खुशियां

**रायपुर।** जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए है, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशिया का उद्देश्य खुशियों को बांटना है।

## बैठक : कलेक्टर विनय लंगेह ने ली सड़क सुरक्षा की जानकारी

# सड़क सुरक्षा से जुड़े निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आमजन में जागरुकता बढ़ाने के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु कलेक्टर ने एनएचआई, पशुपालन विभाग, यातायात विभाग तथा नगरीय निकायों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पशु मालिकों की पहचान कर उन्हें समझाइश देने तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) एवं नवीन ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को निर्देशित किया गया। साथ ही ओवरलोड संचालित हो रहे वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों के माध्यम से पालकों से संपर्क स्थापित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो सके। कलेक्टर ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए यातायात विभाग को निर्देशित किया गया कि हेलमेट न पहनने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान की प्रभावी कार्रवाई करें। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि आगामी सत्र 2026-27 में जिले में संचालित समस्त स्कूल बसों का जांच कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 4 नवीन ब्लैक स्पॉट के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय किया जा रहा है। कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# क्रमोन्नत या समयमान वेतनमान, विकल्प लेने का आदेश युक्तिसंगत नहीं : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





**सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति आदेश ही नहीं है, विकल्प कैसे भरे**

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं.छग प्रदेश फेडरेशन महासमुंद जिलाध्यक्ष चमन चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रचलित क्रमोन्नति योजनाओं का वित्त विभाग के प्रचलित समयमान वेतनमान में समाहित करने संबंधी 9 जून 26 को सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश औचित्यपूर्ण नहीं है।

उन्होंने बताया कि शासकीय कर्मचारियों के लिए क्रमोन्नति योजना मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय सेवा में प्रथम नियमित नियुक्ति से एक ही वेतनमान में 12 एवं 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने की स्थिति में क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया था। जो कि 19 अप्रैल 99 से प्रभावशील था। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ के आदेश 24 अप्रैल 2006 द्वारा शिक्षक संवर्ग सहायक शिक्षक वेतनमान 4000-6000 ग्रेड पे 2400 को 12 एवं 24 वर्ष में क्रमशः 5000-8000 (ग्रेड पे 4200) तथा 5500-9000 (ग्रेड पे 4300) स्वीकृत हुआ था। साथ ही शिक्षक 5000-8000 को 5500-9000,व्याख्याता 5500-9000 को 6500-10500 तथा 7500-12500 का क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत हुआ था।

उन्होंने बताया कि वित्त विभाग छत्तीसगढ़ शासन का आदेश 28 अप्रैल 2008 (वित्त निर्देश 11/2008) द्वारा तत्समय प्रभावशील क्रमोन्नति योजना को संशोधित कर 1 अप्रैल 2006 से समयमान वेतन योजना लागू किया गया था। परिशिष्ट-1 में प्रारंभिक वेतनमान 4000-6000 (5200-20200+2400) का प्रथम उच्चतर वेतनमान 4500-7000 (5200-20200 +2800) तथा द्वितीय उच्चतर वेतनमान 5000-8000 (9300-34800 +4200) है। लेकिन, छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश 24 अप्रैल 2006 के द्वारा शिक्षक संवर्ग सहायक शिक्षक का वेतनमान 4000-6000 ग्रेड पे 2400 को 12 एवं 24 वर्ष में क्रमशः 5000-8000 (ग्रेड पे 4200) तथा 5500-9000 (ग्रेड पे 4300) स्वीकृत हुआ था। सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश 10 मार्च 2017 द्वारा 10 वर्ष एवं 20 वर्ष पश्चात प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति स्वीकृत हुआ था। फेडरेशन का प्रश्न है कि यदि सहायक शिक्षक क्रमोन्नति योजना का विकल्प लेता है तो उसे अन्य शासकीय सेवक के समान तृतीय उच्चतर वेतनमान का लाभ नहीं मिलेगा। यदि समयमान योजना का विकल्प लेता है तो उसे स्वीकृत नहीं होगा। क्योंकि, सहायक शिक्षक को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ स्वीकृत ही नहीं हुआ है। ऐसे स्थिति में समयमान वेतनमान का विकल्प लेना संभव ही नहीं है। जबकि, उच्च वर्ग शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य को समयमान वेतनमान का लाभ पूर्व स्वीकृत है। उल्लेखनीय है कि समयमान वेतनमान के लाभ के लिए सेवाकाल की गणना सेवा में प्रवेश की तिथि से किया जाता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत होने के पश्चात ही विकल्प लेने अंतिम तिथि में वृद्धि करने का मांग मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं सचिव स्कूल शिक्षा से की है।

# समाजजनों ने कलेक्टर से मुलाकात कर दी कार्यक्रम की सफलता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला मुख्यालय में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद/सर्व आदिवासी समाज जिला एवं शासकीय अनुसूचित जनजाति कर्मचारी सेवक संघ जिला महासमुंद के तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त समाजजन एवं स्नेहीजन सम्मिलित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इसी क्रम में जिला प्रशासन सहित तमाम विभागीय अधिकारी कर्मचारीगणों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन सभी लोगों का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया जिनके द्वारा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग मिला। सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से सौजन्य भेंट मुलाकात कर कार्यक्रम के सफल संचालन में विशेष योगदान के आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत भीखम सिंह ठाकुर ठाकुर, एसपी ध्रुव प्रांतीय सचिव शासकीय अनुसूचित जनजाति कर्मचारी सेवक संघ, किशोर ध्रुव जिला उपाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज जिला महासमुंद, एमएल ध्रुव जिला अध्यक्ष शासकीय अजजा कर्मचारी सेवक संघ, जयलाल ध्रुव कोषाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़, महेश ध्रुव महासचिव शासकीय अनुसूचित जनजाति कर्मचारी सेवक संघ, अध्यक्ष बम्हनेश्वर परिक्षेत्र ध्रुव गोंड समाज सरजू कुंजाम, आदिवासी समन्वय मंच राष्ट्रीय सदस्य डमरूधर मांझी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज जिला महासमुंद रामायण नेताम मौजूद रहे।

## गढ़सिवनी में तिलक व मुंह मीठा कराकर नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत

*महासमुंद। शासकीय पदुमन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़सिवनी में 30 जून 2026 को बड़े हर्ष उल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तिरंगा हार पहनाकर कर मुँह मीठा कर स्वागत के साथ पुस्तक व गणवेश प्रदान कर बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया। प्रवेश उत्सव में बतौर अतिथि योगेश्वरी साहू जनपद सदस्य, खेमलता ध्रुव सरपंच, शारदा सोनकर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक जीवन लाल साहू, राजेश साहू, शम्भू सोनकर, तुलेन्द्र सागर प्राचार्य, अतिथिगण अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला आने, मन लगाकर पढ़ाई कर अच्छा नम्बर लाने प्रेरित किया। साथ ही ममता शर्मा संस्कृत व्याख्याता का अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार की ओर से शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके द्वारा 15 वर्ष विद्यालय दी गई सेवा को याद कर सभी स्टाफ भावविभोर होकर भावभीनी विदाई दी गयी। साथ ही आगे भी सेवा करने आग्रह किया गया। विद्यार्थियों ने भी उनके द्वारा स्कूल में बिताए समयावधि का फोटोग्राफ्स संग्रह संकलित कर भेंट किए। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त एचआर टण्डन ने एवं संचालन राधेश्याम यादव शिक्षक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से तुलेन्द्र सागर प्राचार्य, माणिक साहू संकुल समन्वयक, वोमन लाल ठाकुर, रितेश जोशी, सरिता जैसवार, लक्ष्मी ठाकुर, कुसुम देवांगन, ममता शर्मा, वेद शर्मा, हरिश्चंद्र साहू, नीलकमल ध्रुव, मनीष भृंगराज, मन्थिर यादव, ओमप्रकाश एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

# जैन चैंपियन्स ट्रॉफी-सीजन 01 का जनसेवा के साथ हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खेल भावना को समाजसेवा से जोड़ने की अनूठी पहल करते हुए जैन यूनिटी क्लब द्वारा आयोजित जैन चैंपियन्स ट्रॉफी–सीजन 01 के आयोजन के उपरांत प्रतियोगिता की विजेता टीम राइजिंग स्टार के ओनर दर्शन झाबक तथा उमेश लूनिया एवं दिवस चोपड़ा द्वारा अपनी सहयोग राशि समाजहित में समर्पित की गई। जैन यूनिटी क्लब द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय परिसर स्थित मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों, दर्शकों एवं आमजन की सुविधा के लिए आधुनिक शीतल पेयजल वॉटर कूलर स्थापित कराया गया। वॉटर कूलर का शुभारंभ जैन समाज के वरिष्ठजनों, महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय परिवार, खेल जगत से जुड़े नागरिकों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों की उपस्थिति में अतिथियों के करकमलों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं फीता काटकर हुआ।

इस अवसर पर जैन समाज के वरिष्ठ रमेश सांखला, महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के प्रोफेसर अजय राजा, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, मनोहर महांति (एसएसके), जय चोपड़ा, गुमान लूनिया, प्रमोद झाबक, मनोज मालू, दिलीप मालू, सुशील बोथरा, नीरज कोचर, हेमंत झाबक, अनिल मालू, इंदर लूनिया एवं धीरू गोलछा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। खेल जगत की ओर से प्रदेश सहसचिव (बॉल बैडमिंटन) अंकित लूनिया, जिला हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष इमरान अली, टिकेश्वर साहू (फिजिकल अकादमी), अभिषेक अंबिलकर, कुंदन चंद्राकर, आदित्य चंद्राकर सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने उद्बोधन में अजय राजा ने कहा कि मिनी स्टेडियम परिसर में अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा है, लेकिन पहली बार किसी आयोजन समिति ने खिलाड़ियों की स्थायी सुविधा के बारे में सोचते हुए वॉटर कूलर जैसी उपयोगी सौगात प्रदान की है। यह पहल खेल एवं समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है और निश्चित रूप से अन्य आयोजकों को भी प्रेरित करेगी। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष इमरान अली एवं उनके सहयोगियों तथा टिकेश्वर साहू एवं उनकी टीम ने जैन यूनिटी क्लब का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। राजेश शर्मा ने समस्त खेल संघों की ओर से जैन समाज एवं जैन यूनिटी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के हित में किया गया यह कार्य खेल जगत के लिए प्रेरणादायी है तथा आने वाले वर्षों तक हजारों खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन कुशल चोपड़ा ने किया। इस अवसर पर जैन यूनिटी क्लब के सदस्य धरम लूनिया, मुकेश लूनिया, राहुल बोथरा एवं ग्रंथ चोपड़ा का सहयोग रहा।

- **जैन यूनिटी क्लब, विजेता एवं उपविजेता टीमों के सहयोग से मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए शीतल पेयजल वॉटर कूलर का किया लोकार्पण**

## भूमि की उर्वरता बढ़ाने की दिशा में सार्थक कदम

महासमुंद। जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम कौहाकुंडा के प्रगतिशील कृषक रूक्मण नायक ने अपनी 7 एकड़ कृषि भूमि तथा विखं बसना के ग्राम भौंरादादर के कृषक गोकुल पटेल ने अपने खेत में ढैंचा हरी खाद फसल की बुवाई कर भूमि की उर्वरता बढ़ाने की दिशा में सार्थक कदम उठाया है। रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता तथा मिट्टी की घटती गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए दोनों किसानों ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में हरी खाद तकनीक को अपनाया। रूक्मण नायक ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में ढैंचा की बुवाई की है, जिसे उपयुक्त अवस्था में खेत में पलटकर मिट्टी में मिलाया जाएगा। मिट्टी में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ती है तथा प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन की उपलब्धता में वृद्धि होती है। गोकुल पटेल ने बताया कि हरी खाद के उपयोग से भूमि में सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है। साथ ही रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होने की संभावना रहती है, जिससे खेती की लागत में भी कमी आएगी। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि हरी खाद ऐसी फसलें हैं, जिन्हें विशेष रूप से मिट्टी की उर्वरता और संरचना को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

# भाजपा सरकार को ले डूबेगी नकटी गांव के 60 परिवारों के आँसुओं का सैलाब : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने रायपुर के नकटी गांव में हुए बेदखली की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे प्रशासनिक कार्रवाई नहीं अपितु भाजपा सरकार की क्रूरता और धोखेबाजी का जीवंत उदाहरण बताया है। चंद्राकर ने कहा कि सुबह 4 बजे जब पूरा प्रदेश सो रहा था, तब इस सरकार ने भारी पुलिस बल और दर्जनों जेसीबी के साथ 60 गरीब परिवारों के सिर से छत छीन ली। महिलाएं बिलखती रहीं, बच्चे भूख से तड़पते रहे और सरकार का बुलडोजर चलता रहा। यह दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की आत्मा को झकझोर देने वाला है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि इस कांड का सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि भाजपा के वरिष्ठ सांसद बृजमोहन अग्रवाल और स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने कुछ दिन पहले ही मीडिया के सामने बयान देकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि चिंता मत करो किसी का घर नहीं टूटेगा। भोले-भाले ग्रामीण उनके बातों पर भरोसा कर निश्चिंत हो गए। उसी भरोसे की आड़ में सरकार ने तड़के अंधेरे में हमला बोला। यह सिर्फ मकान तोड़ना नहीं है। यह भाजपा के चरित्र का प्रमाण है कि वह चुनाव के वक्त वादा करती है और सत्ता में आते ही गरीब की पीठ में छुरा घोंपती है। प्रशासन कह रहा है कि यह 9 हेक्टेयर सरकारी जमीन थी। सवाल यह है कि 22 साल से यहां लोग रह रहे थे तो सरकार कहां सो रही थी। इन्हीं परिवारों को बिजली कनेक्शन दिए, पानी की लाइन बिछाई, राशन कार्ड बनाए, पांच नए हितग्राहियों के नाम आवास भी स्वीकृत किए। जब वोट लेने थे तब ये लोग वैध थे। जब बुलडोजर चलाना था तब अवैध हो गए। यह दोहरा मापदंड नहीं तो क्या है।

चंद्राकर ने इसे अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए कहा कि कार्रवाई के दौरान का मंजर सबसे दर्दनाक था। एक तरफ प्रशासनिक अमला जेसीबी के पास बैठकर नाश्ता और भोजन कर रहा था। दूसरी तरफ जिनके घर उजड़ रहे थे उनके बच्चे सुबह से भूखे थे। इस दृश्य से पूरा प्रदेश उद्वेलित हो उठा, लेकिन सरकारी क्रूरता को अंजाम तक पहुंचाने वाले अफसरों का दिल नहीं पसीजा। सरकार ने इन 60 परिवारों को नवा रायपुर के सेक्टर-30 में बने इंडस्ट्रियल टीन शेडों में फेंक दिया है। जहां न दरवाजा, न शौचालय और न ही सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम। क्या यही है भाजपा का गरीब कल्याण मॉडल।

उन्होंने इस अमानवीय कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सभी 60 परिवारों को उसी स्थान पर या नवा रायपुर में पक्के मकान के साथ 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। जनता को झूठा आश्वासन देने वाले सांसद और विधायक सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। भाजपा सरकार कान खोलकर सुन ले। बुलडोजर से आप गरीब का घर गिरा सकते हैं, हौसला नहीं। नकटी के लोगों के आंसू का हिसाब जनता भाजपा को जरूर देगी। यह लड़ाई सिर्फ 60 घरों की नहीं है। यह लड़ाई उस हर गरीब की है जिसके सिर पर भाजपा का बुलडोजर लटक रहा है।

# कलार समाज परिक्षेत्र खल्लारी का हुआ चुनाव, मंडलेश्वर बने रघुनाथ

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र खल्लारी का निर्वाचन 28 जून रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर खल्लारी में हुआ। जिसमें 42 गांव के कलार समाज के समाजिक बंधुओं, मातृ शक्ति एवं युवाओं ने बड़ी ही उत्साह के साथ मतदान किया। जिसमें मंडलेश्वर पद के लिए रघुनाथ सिन्हा, सचिव जीवन सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष द्वारिका सिन्हा एवं मंडल युवा मंच अध्यक्ष चुमेश राजू सिन्हा, सचिव मिथलेस सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष दीपक सिन्हा निर्वाचित हुए। अतिथि के रूप धरसीवां भाजपा महामंत्री अशोक सिन्हा ने कहा कि कलार समाज नई उंचाईयों की ओर अग्रसर हो रहा है, कलार समाज ने एकता और अखंडता का मिसाल पेश किया। उन्होंने समाज के हर सुख-दुःख में सदैव तत्पर रहने की बात कहीं। समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने दूरभाष से समाज की एकजुटता के बारे में कहा। समाज को सुचारू रूप से संचालन के लिए मंडल को तीन क्रम में रखा गया है। मुख्य संगठन, युवा मंच एवं महिलामंच। जिससे युवा एवं महिला जागरूक होकर समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करेंगें।

बुजुर्गो का होश युवाओं का जोश तथा माताओं के सहयोग से एक नये आयाम स्थापित किया जा सकता है। डा किशोर सिन्हा भाजपा नेता एवं कलार समाज, सेवाराम सिन्हा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुकेश डड़सेना जिला निर्वाचन अधिकारी, बसंत सिन्हा प्रांतीय संयोजक राजनीति प्रकोष्ठ, संतोष नसीने प्रांतीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ, सालिकराम डड़सेना प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विकास सिन्हा, ईश्वर सिन्हा पूर्व जिलाध्यक्ष, परमेश्वर डड़सेना जिला-महामंत्री, दानेश्वर प्रसाद सिन्हा, पूर्व मंडलेश्वर परि-खल्लारी-महासमुन्द, युवामंच जिलाध्यक्ष दौलत सिन्हा, पिताम्बर डड़सेना, गोवर्धन डड़सेना जिला प्रचार मंत्री, धर्मेन्द डडसेना (अधिवक्ता) विधि प्रकोष्ठ, राजेश डड़सेना (अधिवक्ता) पूर्व युवामंच जिलाध्यक्ष, मुकुंद डडसेना अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, धनवंतरी कुमार सिन्हा पूर्व निर्वाचन अधिकारी, कल्पना सिन्हा जिलाध्यक्ष-महिला मंच, तारकेश्वर सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, डोमेश सिन्हा, सुशील सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा पूर्व सचिव कौडिया पिथौरा, केवल सिन्हा सचिव परिक्षेत्र सिरपुर, राजेश सिन्हा कोषाध्यक्ष खल्लारी, लकेश सिन्हा ग्राम प्रमुख भेंड्री, लीला सिन्हा ग्राम प्रमुख जामगांव, दाऊलाल सिन्हा जामगांव, गोकुल राम सिन्हा, जिला अंकेक्षक, युवामंच उपाध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा, चंदन सिन्हा कोषाध्यक्ष, योगेश्वर गोलू सिन्हा संगठनमंत्री, नुतेश कुमार सिन्हा प्रचार मंत्री, कार्यकारिणी राजू डड़सेना, कुंदन सिन्हा, रितेश सिन्हा, गजेन्द्र कुमार सिन्हा, सतीश सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, रमन सिन्हा, बलद राम सिन्हा, तोष राम सिन्हा, खेमराज सिन्हा, रानू सिन्हा, भोलाराम सिन्हा, बिज्जू सिन्हा उत्तम सिन्हा ,संतराम सिन्हा, परस सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा आदि ने हर्ष जताया है। युवामंच के अध्यक्ष दौलत राम सिन्हा ने अभार प्रदर्शन किया।

## केनाल रोड नाले की सफाई अब तक नहीं

**रायपुर।** शहर के राजेंद्रनगर-अमलीडीह क्षेत्र में केनाल रोड से लगे बड़े नाले की सफाई अभी तक नहीं कराई गई है, जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बारिश होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जोन-10 अंतर्गत आने वाले इस नाले की नियमित सफाई की नहीं जाती है, जिसके कारण नाला अक्सर जाम रहता है। बारिश के दिनों में नाले की गंदगी सड़क तक आ जाती है, जिससे आवागमन में भी लोगों को परेशानी होती है।

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पीडीएस संघ 5 जुलाई से हड़ताल पर

**रायपुर।** बारदाना, मार्जिन राशि सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर की उचित मूल्य दुकानों के संचालक 5 जुलाई से हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। छत्तीसगढ़ पीडीएस संघ के अध्यक्ष नरेश बाफना ने बताया कि प्रदेश के 17 जिलों से अधिक उचित मूल्य दुकानों के संचालकों से हड़ताल पर जाने का समर्थन मिल चुका है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर संघ ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव से लेकर विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से अल्टीमेटम दिया है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 5 जुलाई से सभी जिलों में उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण का काम भी नहीं होगा।



**ई-पॉस मशीन के कारण वितरण प्रभावित से मजदूरी समय दोनों का नुकसान**

*संघ की यह भी मांग है कि ईपॉस मशीन में कभी सर्वर डाउन, लिंक फेल एवं फिंगर काम नहीं करने की समस्या के कारण खाद्यान्न वितरण प्रभावित होता है। इससे घंटों लाइन में खड़ा होने वाले मजदूर वर्ग के लोगों की मजदूरी एवं समय दोनों की बर्बादी होती है। इसकी भी जांच होनी चाहिए। एम2 पद्धति से आबंटन बंद करने, भंडारण में कम वजन चावल से दुकानदारों को नुकसान होता है, इसलिए 1 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि सहित अन्य मांग शामिल है। संघ की पिछले दिनों रायपुर में बैठक हुई थी, जिसमें सर्वसम्मति से मांगों को लेकर निर्णय लिया है।*

### शक्कर कमीशन बढ़ाने की मांग

*संघ ने शक्कर वितरण में भी कमीशन बढ़ाए जाने की मांग की है। शक्कर में अब तक प्रति राशन कार्ड प्रति किलो के पीछे 4 पैसे मिलता है, जो उचित नहीं है। शक्कर में प्रति क्विंटल के पीछे कम से कम 100 रुपए कमीशन मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि अगस्त 2016 से नवंबर 2016 तक बढ़ी कमीशन की राशि अब तक नहीं मिली है।*

# सलाहकार समिति के सदस्य ने सीनियर डीसीएम त्रिवेदी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रेल मंडल के रायपुर स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य एवं छतीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी को यात्री सुविधाओं के अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया। रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने वाणिज्य विभाग में रहते हुए निरंतर 2 वर्षो से अधिक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल के यात्रियों की सेवा करते हुए रायपुर रेलवे स्टेशन पर हर कार्य में नई सफलता हासिल की।

## मेटल पार्क में चोरी 3 शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** रावांभाठा मेटल पार्क स्थित कामाख्या इण्टरप्राइजेस में 12 दिन पूर्व 18 जून को दीवार फांदकर 2.42 लाख रुपए कीमत के कॉपर रोप, ब्रास राउंड, कॉपर प्लेट चोरी कर ले जाने के आरोप में खमतराई पुलिस ने पन्नालाल पवार, आकाश पारधी उर्फ बुटानू, राकेश कुमार पासवान को गिरफ्तार किया है। राकेश सिंह ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि 12 जून को तीन लोग चोरी करने के लिए पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप



### चित्रकला प्रतियोगिता में वेडनर स्कूल के विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'ब्रेन इन' संस्था द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। ब्रेन इन में संस्था के सीनियर मैनेजर शाहबाज अंसारी एवं समीर खान द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कक्षा पहली से ओजस धीवर, कक्षा दूसरी से जेसन कुजूर, कक्षा तीसरी आयुषी ठाकुर, चौथी से विधान यदु, पांचवी से लेवी देवांगन, छठवीं से सोनम राज, सातवीं से इल्शा इक्का और आठवीं से अंशु कुजूर को सर्टिफिकेट मेडल देकर सम्मानित किया तथा अन्य प्रतिभागियों को भी सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज ने प्रतिभागी बच्चों की सफलता पर हर्ष जताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रदीप्ति चांडक ने किया।

**चर्चा :** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# किसान सम्मान निधि के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन, खाद बीज उपलब्धता और फसल विविधीकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शेष किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले को विशेष ध्यान देते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा। सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत जिले में अब तक 758 आवेदन प्राप्त होने की जानकारी भी बैठक में दी गई। एल 1 स्तर पर 319 आवेदनों का निराकरण किया गया है। जिसमें नागरिकों का फीडबैक शेष है। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1076 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से पोर्टल में लॉगिन कर लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा किसानों को खाद वितरण के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने यूरिया एवं डीएपी के संतुलित उपयोग के साथ नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सहकारी समितियों में उपलब्ध खाद के स्टॉक का नियमित भौतिक सत्यापन करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने जिले के बड़े किसानों को धान के रकबे में कमी कर वैकल्पिक फसलों की ओर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के लगभग 8,500 किसानों के बीच ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं आरईएओ लगातार संपर्क कर फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करें, जिससे जल संरक्षण और किसानों की आय में वृद्धि हो सके। बैठक में धान उपार्जन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शेष धान के उठाव तथा राइस मिलों द्वारा चावल जमा कराने की प्रगति पर भी चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर लंगेह ने विद्युत विभाग को विद्युत अवरोध की स्थिति में आम नागरिकों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली बंद होने की स्थिति में अवरोध के कारण एवं पुनः विद्युत आपूर्ति प्रारंभ होने का संभावित समय लोगों को अवश्य बताया जाए, ताकि आम जनता अनावश्यक परेशानी से बच सके। साथ ही अधिकारियों को फोन कॉल प्राप्त होने पर तत्काल रिस्पॉन्स देने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को सीमांकन, अविवादित खाता विभाजन एवं अन्य राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों में विशेष अभियान चलाकर तेजी लाई जाए। समय सीमा का विशेष ध्यान रखें।

### सेवा सेतु केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें एसडीएम

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को सेवा सेतु केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्धारित समय-सीमा में जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ई-फाइल प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू हो चुकी है तथा मैनुअल फाइल संचालन प्रतिबंधित रहेगा। सभी विभागों को ई-ऑफिस एवं ई-फाइल प्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में नक्शा बटांकन, सीमांकन, नामांकन, मुख्यमंत्री घोषणाओं, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, पेयजल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

### फसल विविधीकरण को मिलेगा बढ़ावा

**महासमुंद।** राज्य शासन ने किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। खरीफ वर्ष 2026 से फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास की खेती करने वाले किसानों को अब 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्व में कृषक उन्नति योजना के तहत धान के बदले वैकल्पिक फसलें लेने वाले किसानों को 11 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही थी। किसानों को अधिकाधिक फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इस राशि को बढ़ाकर 15 हजार रुपए प्रति एकड़ कर दिया गया है। इसके साथ ही वे किसान जो पूर्व से ही खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास की खेती कर रहे हैं, उन्हें एकीकृत किसान पोर्टल तथा एग्रीस्टैक पर पंजीयन एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस पहल से किसानों को पारंपरिक धान खेती के विकल्प के रूप में लाभकारी फसलों की ओर आकर्षित किया जा सकेगा। इससे जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता में सुधार तथा कृषि लागत में कमी आने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

उप संचालक कृषि कश्यप ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को एग्रीस्टैक एवं एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसल एवं रकबे का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत पात्र किसानों को स्वीकृत आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से अंतरित की जाएगी। किसान अपने नजदीकी सेवा सहकारी समिति अथवा संबंधित कृषि कार्यालय के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

# सहकारिता सप्ताह पर 6 तक होंगे अनेक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक पूरे देश व प्रदेश में सहकारी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी इस दौरान सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों, योजनाओं और किसानों की आर्थिक मजबूती में सहकारी संस्थाओं की भूमिका को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जा रहा है। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सहकारी ध्वजारोहण, सदस्यता अभियान, माइक्रो एटीएम वितरण, केसीसी एवं रूपे केसीसी कार्ड वितरण, सहकार दौड़, वृक्षारोपण, मृदा परीक्षण, कृषक संगोष्ठी, एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका पर परिचर्चा का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी अनन्त राम पटेल ( प्रा, कृषि साख सहकारी समिति सरायपाली) ने बताया कि सहकारी सप्ताह के दौरान किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक कृषि व्यवस्था, एफपीओ मॉडल, पैक्स की भूमिका, डिजिटल बैंकिंग, सहकारी विपणन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की जाएगी। सरकार का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से गांवों की आर्थिक स्थिति को और मजबूत करना है।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राधिकृत अधिकारी अनतराम पटेल, विपिन उबोवेजा, विजय प्रधान, गंगाराम पटेल प्रसन्न प्रधान, कन्हैया पटेल, हेमन्त प्रधान, जपीलाल मांझी, शिवचरण पटेल आसरित पटेल कमलेश पटेल बड़ी संख्या में किसान व समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनचौपाल में विधायक ने सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मंगलवार को ग्राम रायतुम और कछारडीह में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से भेंट कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली जैसी अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक सिन्हा ने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस दौरान ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए



विधायक ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी तथा पात्र हितग्राहियों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने रायतुम और कछारडीह गांव में नववाहित बहनों को उपहार भेंटकर सुखमय दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही नवजात शिशुओं के लिए शिशु किट भी प्रदान किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा नेतागण निर्भय नायक, शम्मी सलूजा, कमल कौशिक, देवेंद्र राय, पप्पू पटेल, डोमन यादव, छबिंद्र पटेल, हनी गंभीर, ग्राम कछारडीह सरपंच दिनेश्वर साहू, ग्राम रायतुम सरपंच सोनिया ठाकुर, रायतुम उपसरपंच प्रियंका पटेल, कछारडीह उपसरपंच मालती चक्रधारी सहित भरत ध्रुव, प्रवीण साहू, मनोहरी साहू, संतु यादव, नारायण दीवान, सुरेश प्रधान, रूपधर पटेल, मनोज यादव, सुनील पटेल, टीकाराम पटेल, मोहन साहू, कृपा सेन, प्रवीण साहू, धरम सिन्हा, महेंद्र मरकाम, संजय अग्रवाल, परमेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, हीरामन साहू, लीलाराम साहू, मानिक ठाकुर, पुनूराम साहू, बहुर साहू, मंजुलता ठाकुर, विशाखा ठाकुर, ज्ञानती तिवारी, पार्वती साहू, भगवंतिन सिन्हा, कुंती दीवान, झरना निषाद, कृष्णकुमारी ध्रुव, प्रेमा पटेल, कलेश्वरी, अक्ती बाई, महिमा ध्रुव, सुमित्रा ध्रुव, मीना यादव, दीपिका साहू, दुर्गा धृतलहरे, लखन ध्रुव, खिलेश ध्रुव, संतराम यादव, जेलसिंग, भगवान सिंग, दीपक पटेल सहित ग्रामीणजन

# सहकारिता सप्ताह 6 तक

**पटपरपाली (कोमाखान)।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने पर प्रदेशभर में 29 जून से 6 जुलाई तक जागरुकता और जनसहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान राज्य की सभी बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, जिला सहकारी बैंकों और सहकारिता विभाग के कार्यालयों में विशेष आयोजन होंगे। इसी तारतम्य में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पटपरपाली में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा हैं।

जिसके तहत समिति प्रांगण में सहकारिता ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया और पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटपरपाली के प्राधिकृत अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश कुमार टाण्डेय ने पूजा अर्चना और ध्वजारोहण कर सहकारिता सप्ताह के कार्यक्रम का आरंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य सहकारिता को गांव-गांव तक पहुंचाना है। ताकि किसान, युवा और महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। इसी दिशा में प्रदेश के एक लाख युवाओं को सहकारिता से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेशभर में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान किसानों सहकारी समितियों और आम नागरिकों को केंद्र में रखकर किसानों की जागरूकता के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें उन्हें शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएगी और तिथि वार अलग-अलग जिला ब्लाक और राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे और सहकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर किसानों और आम नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में लाखों लोग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति आपरेटर टिकेश साहू, विक्रेता दुष्यंत साहू, बालेश्वर तांडे, सुरेंद्र साहू, युगल चक्रधारी, पंचगण राजू तिवारी, मनोज साहू, भीम साहू, हुगली साहू, मीणा यादव, देव प्रसाद ठाकुर, कुलेश्वर साहू, डिगेश साहू, सुभान साहू, देरहा साहू, पुरान सिंह ठाकुर, कौशल उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### सहकारी सप्ताह के तहत जिला सहकारी विकास समिति की बैठक

**महासमुंद।** कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, रायपुर के निर्देशानुसार सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सहकारी विकास समिति विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों को सहकारी सप्ताह के दौरान निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में सहकारी समितियों के सदस्यों की आय वृद्धि में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) की भूमिका विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गई। इस दौरान किसानों को संगठित कर उनकी उपज के बेहतर विपणन, कृषि आदानों की उपलब्धता, भंडारण सुविधाओं के विस्तार तथा कृषि आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने में एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका को बताया गया। बैठक में सहकारिता के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने, कृषि लागत कम करने तथा बाजार से बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सहकारी संस्थाओं को अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए। बैठक में जिला सहकारी विकास समिति के सदस्य, सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

क्र./2949/तह./वा./ 2026
कोमाखान, दिनांक 17.6.2026
रा.प्र.क्र....ब/ 121 / वर्ष 2025-26
ग्राम :- नरतोरी प.ह.न. 26 रा.नि.मं मुनगासेर
तहसील कोमाखान जिला - महासमुन्द

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नाथूराम चक्रधारी पिता पीलाराम चक्रधारी जाति कुम्हार उम्र 66 वर्ष निवासी ग्राम नरतोरी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनकी पत्नी सगनीबाई पति नाथूराम जाति कुम्हार का मृत्यु दिनांक 27.01.2015 को ग्राम नरतोरी में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक की पत्नी सगनीबाई पति नाथूराम के मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं रजिस्ट्रार (मृत्यु) नरतोरी को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (मृत्यु) नरतोरी के द्वारा आवेदक की पत्नी सगनीबाई पति नाथूराम का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक द्वारा अपनी पत्नी सगनीबाई पति नाथूराम के मृत्यु दिनांक 27.01.2015 घटना पंजीकृत किए जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में पंजीकृत है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 09/07/2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप / उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 09/07/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

क्र./2950/तह./वा./ 2026
कोमाखान, दिनांक 17.6.2026
रा.प्र.क्र....ब/ 121 / वर्ष 2025-26
ग्राम :- नरतोरी प.ह.न. 26 रा.नि.मं मुनगासेर
तहसीलः- कोमाखान जिला महासमुंद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुखीराम पिता बिशेषर जाति कुम्हार उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम नरतोरी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनकी मां सजनबाई पति बिशेषर जाति कुम्हार का मृत्यु दिनांक 31.03.2014 को ग्राम नरतोरी में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक की मां सजनबाई पति बिशेषर के मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं रजिस्ट्रार (मृत्यु) नरतोरी को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (मृत्यु) नरतोरी के द्वारा आवेदक की मां सजनबाई पति बिशेषर का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक द्वारा अपनी मां सजनबाई पति बिशेषर के मृत्यु दिनांक 31.03.2014 घटना पंजीकृत किए जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में पंजीकृत है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 09/07/2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 09/07/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/ दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

आज दशगात्र



जन्म 31.07.1994 — स्व. लुकेश सिंह ठाकुर — स्वर्गवास 24.06.2026

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय लुकेश सिंह ठाकुर का आकस्मिक निधन दिनांक 24.06.2026, दिन-बुधवार को हो गया है। जिसमें आप सह-परिवार सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें.....

कार्यक्रम: दशगात्र- दिनांक- 01.07.2026, दिन-बुधवार

शोकाकुल
श्री थानसिंह ठाकुर (बड़े पापा), श्री थनवर सिंह ठाकुर (बड़े पापा)
श्री गैदसिंह ठाकुर (चाचा), श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर (चाचा)
श्री महेन्द्र सिंह ठाकुर (चाचा), श्री सोमेश्वर सिंह ठाकुर (बड़े भाई)
श्री गौरव सिंह ठाकुर (बड़े भाई), श्री राघव सिंह ठाकुर (छोटे भाई)
श्री तनमय सिंह ठाकुर (छोटे भाई), श्री नरेन्द्र सिंह ठाकुर (बड़े भाई)
एवं समस्त ठाकुर परिवार

-: विनीत :-
निधि ठाकुर (बहन)
सेवन ठाकुर (भाई)
बिन्दाबाई (माता)

नोट:- जिन स्नेही जनों को सूचना नहीं मिला हो कृपया इसे ही स्वीकार करें

# प्राधिकरण का उद्देश्य सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करना : एडीजे

**महासमुंद।** नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न जागरुकता विषयों पर अधारित सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिले एवं तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों एवं आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि इसी कडडी में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी द्वारा स्थानीय मौहारी भाठा स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास पहुंचकर उपस्थित छात्राओं को बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज, घरेलू हिंसा एवं महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों का सरल भाषा के माध्मय से कानूनी जानकारी प्रदान की गई। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने छात्रावास के छात्राओं द्वारा उत्सुकतापूर्ण कानूनी सवालों का जवाब तलब कर सरल एवं सहजतापूर्ण सामान्य भाषा में कानून के सामान्य पहलुओं पर अवगत कराया गया तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं दिए जाने वाली विधिक सहायता तथा सलाह के बारे में विस्तापूर्वक



जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण का उद्देश्य सभी के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना है। ताकि, आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी न्याय से वंचित रहे। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिष्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। सबके लिए समान अवसर एवं समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गया। जिसके तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशो को कार्य रूप देना है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल

माँ और शिशु का विश्वास
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## स्कूली बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी में शिक्षिका शैल सोनवानी के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों को मिठाई, फल, मिक्सर, चॉकलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, द्रौपदी दीवान शिक्षक, रचना साहू, धनेश्वरी प्रजापति, मेघा ध्रुव, मुकेश कुमार प्रजापति, अनंत कुमार ध्रुव, संगीता साहू आदि मौजूद रहे।



## तीन दिवसीय राजयोग ध्यान शिविर का समापन

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान तीन दिवसीय राजयोग ध्यान शिविर का समापन ग्राम परसदा के 20वी वाहिनी कैम्प में हुआ। ब्रम्हा कुमारी सुषमा के नेतृत्व में प्रति दिन सुबह 9.30 से 11 बजे तक चले इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में 20वीं वाहिनी बटालियन के जवानों ने राजयोग ध्यान शिविर का लाभ उठाया। 20वी वाहिनी सेनानी कमांडेंट मनीषा ठाकुर रावते के विशेष आमंत्रण पर यह कार्यक्रम हुआ। जवानों ने शक्तिशाली पाजीटिव विचारों और परमात्म शक्तियों का आह्वान करते हुए मन को खुश तंदुरुस्त रखने की कला सिखी। सुषमा ने कहा कि यदि हमारा मन स्वस्थ हो तो शरीर स्वत ही स्वस्थ और तंदुरुस्त बनने लगेगा, इसके निरंतर अभ्यास से हमारा जीवन तनावमुक्त बनेगा।

## झलप में सिद्धार्थ ध्यान योग कार्यक्रम 3 से

**महासमुंद।** समर्थ गुरुधारा के तत्वावधान में सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर ग्राम झलप स्थित गुरुद्वारा में 3 जुलाई से 5 जुलाई तक आयोजित है। योग शिविर का संचालन आचार्य संतोष चंद्रा करेंगे। यह ध्यान योग शिविर 3, 4 एवं 5 जुलाई को होगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर साय सरकार गंभीर नहीं

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत दिखावे की राजनीति करते हैं, इसीलिये स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय पर वह कभी गंभीर नहीं दिखे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के कार्यकाल को ढाई साल से भी अधिक हो गए, लेकिन पश्चिम विधानसभा में हमर अस्पताल, हमर क्लिनीक की बिल्डिंगें खण्डहर हो रही हैं। कांग्रेस सरकार की देन है, इसीलिये दुर्भावना में इनके निर्माण को पूरा होने नहीं दिया जा रहा है और जो निर्माण हो गये हैं, उनका संचालन नहीं होने दिया जा रहा है।



## कलश यात्रा निकाली

**तेंदूकोना।** तेंदूकोना में आयोजित त्रिदिवसीय महेश्वर कपीश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस सोमवार को नगर में गाजा बाजा के साथ आतिशबाजी कर कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश और नारियल रखकर यात्रा में भाग लिया। यह यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न गलियों से गुजरते हुए वापस नवनिर्मित मंदिर पहुंची, जहां पूजन अनुष्ठान का कार्यक्रम जारी रहा। इस दौरान अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विधायक देवेंद्र को कांग्रेस की बागडोर सौंपकर भरोसा किया जाए : नरेन्द्र

### कांग्रेस में नई ऊर्जा फूंकने में यादव समाज की भूमिका अहम



**सरायपाली।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ के प्रदेश प्रमुख महासचिव व वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेन्द्र कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव को सौंपने की मांग पार्टी हाई कमान से की है। आगामी विधानसभा चुनाव 2028 के लिए कांग्रेस पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की सुगबुगाहट व चर्चा तेज होने की जानकारी प्राप्त होते ही यादव समाज के नेताओं ने समाज के नेता देवेंद्र यादव के लिए सक्रियता बढ़ा दी है।

### आयोजन: पिथौरा में हुई डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान की कार्यशाला

# भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का व्यापक अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान की कार्यशाला का आयोजन अग्रसेन भवन पिथौरा में हुआ। कार्यशाला में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जिला सहकोषाध्यक्ष प्रीतराम सूर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, शशि डड़सेना, वेदप्रकाश गोयल एवं मंडल महामंत्री जतीन ठक्कर ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का व्यापक अभियान है। संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और सेवा भाव को प्रत्येक कार्यकर्ता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन आज भी भारतीय राजनीति एवं सुशासन का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की नीतियों एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने का कार्य करें। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आधुनिक युग में डिजिटल तकनीक संगठन को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने का माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यकर्ताओं को किसी भी समय और किसी भी स्थान से संगठन के इतिहास, विचारधारा, कार्यपद्धति, नेतृत्व विकास, चुनाव प्रबंधन तथा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपने मोबाइल पर डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से जुड़कर नियमित अध्ययन करने एवं अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को इससे जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण अभियान संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

बैठक की प्रस्तावना रखते हुए मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं कार्यशैली से भली-भांति परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण की परंपरा संगठन को निरंतर गतिशील एवं सशक्त बनाती है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह प्रशिक्षण प्राप्त कर संगठन के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से समाज के बीच लाया। मंच संचालन एल्डरमैन सतप्रीत सलूजा ने किया। इस अवसर पर समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित पोलिंग बूथों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण, नर्रा सोसाइटी में किया गया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सफल 5 वर्ष पूर्ण होने पर प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित (पंजीयन क्रं. 1061) नर्रा सोसायटी में 29 जून सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक एवं कृषकों ने परिसर में उपस्थित सदस्यों की मौजूदगी में सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही क्षेत्र में सहकारी सप्ताह का विधिवत और शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहकारिता से समृद्धि के संकल्प को मजबूत करने वाले केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। कृषकों को सहकारिता के महत्व और इससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान किसान दिनेश यादव, दिनेश दीवान, लल्लु बेलदार, लखन बेलदार, कमलेश साहू, विजय साहू, मिलाप विश्वकर्मा समेत सोसायटी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिन सहकार नहीं उद्धार के नारों के साथ सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार

- ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा में अध्यक्ष भुवन साहू ने किया ध्वजारोहण




के पांच वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार ने पूरे देश में 29 जून से 06 जुलाई 2026 तक सहकारिता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है।

इसी क्रम में ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा में अध्यक्ष भुवन साहू ने सहकारिता झंडे का ध्वजारोहण कर उपस्थित किसानों को सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पांच वर्ष पूरे होने पर किसानों को सहकारिता के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश कि विष्णुदेव सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों की सुविधा के मद्देनजर सुदूर क्षेत्रों के सैकड़ों नवीन सोसायटीया शुरू कर किसानों के तकलीफ को दूर किया है। नवीन सोसायटी के खुल जाने से किसानों को धान बेचने, खाद प्राप्त करने जैसे कई सुविधाये मिल रही है, जिससे प्रदेश के किसान खुशहाल है। संस्था के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने सहकारिता सप्ताह के दौरान उपस्थित किसानों को शासन के दिशा निर्देश के तहत अब एक बार में ही खाद परमिट काटे जाने की बात कही गईं। उन्होंने कहा कि तय मात्रा के अनुरूप अब किसान एक बार में ही संस्था में उपलब्ध खाद, बीज, दवाइयों का उठाव कर सकते हैं। संस्था में वर्तमान स्थिति में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, एनपीके, डी एपी खाद उपलब्ध है। सहकारिता सप्ताह के दौरान शेखर दीवान, हीरा राम दीवान, हेमलाल सावरा, कुमारु साहू, दशरथ रामप्रसाद साहू,, मयाराम पटेल, धनसिंग दीवान, जोहन चंद्राकर, दयालु पटेल, देवप्रकाश बेहार, संतराम भारती, केशव दीवान, संस्था के कर्मचारी उमेश साहू, सुरेन्द्र पटेल, ओमप्रकाश साहू, नंदनी सिन्हा, बोहरण ठाकुर, लोकेश साहू, चमन पटेल आदि उपस्थित रहे।

## छात्रा दीक्षा को मिला 5 हजार का पुरस्कार

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के सभी संकायों में से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली वाणिज्य संकाय की छात्रा दीक्षा चंद्राकर को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा पांच हजार रूपए की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की गई थी। यह राशि विधायक की ओर से शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने विद्यालय के प्रार्थना सभा में उक्त छात्रा को प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही लगन और मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह देते हुए विधायक का संदेश तथा मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य जीआर सिन्हा ने किया। इस अवसर शाला विकास समिति के सदस्य अनुज पाण्डेय, विमल कुमार मन्नाडे, संजय मांझी, हेमंत खुंटे, कीर्तन साहू, खोमन चंद्राकर, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, नोबल ध्रुव, दुर्गेश नंदिनी यदु, खेमलता कंवर, अनिता साहू, बेला मारू, शिल्पी चंद्राकर,चंद्रशेखर मिथलेश, तुलसी राम साहू मौजूद थे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई संत कबीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा



संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती पर बागबाहरा नगर में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कबीर पंथी समाज एवं नगरवासियों के सहयोग से कबीर जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हुए। नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित कबीर भवन में श्रद्धालुओ द्वारा कबीर साहेब के भजनों और सत्संग की धुन पर चलते हुए मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश देते नजर आए। कार्यक्रम में महंत केशव दास ने संत कबीरदास के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबीर साहेब ने जाति-पांति, ऊंच-नीच और धार्मिक भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोच्च धर्म बताया। आज भी उनके विचार समाज को सही दिशा देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, सत्संग एवं महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। पूरे नगर में कबीर जयंती को लेकर उत्साह का माहौल रहा और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक हुआ। कबीर साहेब के संदेश ₹सत्य, प्रेम और मानवता₹ को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बनकर उभरा। कबीर पंक्तियों द्वारा कबीर कुटिया के लिए भूमि पूजन भी किया गया।

इस अवसर पर मानिकपुरी समाज के अध्यक्ष प्रहलाद मानिकपुरी, ईश्वर दास (सचिव), नीरज मानिकपुरी, दशरथ दास, बलबीर दास, तीरथ दास, गुलाब दास, अमरेंद्र दास, रामकली, पूजा मानिकपुरी, सोनबती, गंगा बाई, तनुजा, माही एवं समा मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### कबीर जयंती पर धमतरी में हुआ सम्मान समारोह, समारोह में प्रदेशभर के लोग जुटे

# अम्बेडकर गौरव अवार्ड से सम्मानित हुईं पुष्पलता चौहान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सदगुरु कबीर साहेब की जयंतीं कार्यक्रम 28 जून रविवार को गोंडवाना भवन धमतरी में हुआ। कार्यक्रम में छग प्रदेश गाड़ा समाज के जिला उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान को राज्य अलंकरण बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर गौरव अवार्ड 2026 की मानद् उपाधि से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपाधि प्रदान करते हुए पुष्पलता चौहान के सम्मान में कहा गया कि हमें बेहद खुशी हो रही है कि आपने समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहते और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए शिक्षा, कला, साहित्य खेल, बीमा, नशाबंदी, ग्रामोत्थान, महिला सशक्तिकरण पर्यावरण, संस्कृति एवं व्यक्तित्व विकास की आवश्यकताओं में योगदान करने के लिए श्रेष्ठ भूमिका का परिचय दिया है। अतः आपसे आशा है कि दलित, पिछड़े एवं कमजोर लोगों को मानवाधिकार दिलाने एवं शोषणमुक्त, समतामूलक बहुजन समाज बनाने में आप सदैव तत्पर रहेंगे। पुष्पलता चौहान ने सबसे पहले इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए करते हुए शिक्षा एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में भारत



रत्न बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला और शिक्षा, छात्रवृत्ति, फेलोशिप और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य वंचित समुदायों के सशक्तीकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी से बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर द्वारा स्थापित समानता, बंधुत्व, सम्मान और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना की थी, बराबरी का अधिकार देने का काम किया। बाबा साहब का मानना था, शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो सबको ग्रहण करना चाहिए। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सबको समानता का अधिकार देने का काम किया। कार्यक्रम में राज्य अलंकरण से सम्मानित होने वाले सदस्यों में बुधराम साहू, मान सिंग ध्रुव, घनश्याम सिंह ठाकुर, भारती विश्वकर्मा, हसीना ध्रुव, लिली चौहान, पुष्पलता चौहान, डॉ. विक्रम सिंह लाहोरी, उमेश्वरी साहू, विष्णु राम साहू, रघुनाथ साहू, तोरण लाल साहू, रोहित कुमार साहू, संतोषी बाई साहू, वीणा बाई साहू, चैन सिंह साहू, रूखमणी बाई साहू, कौशिल्या बाई दीवान, देवकी बाई कंवर, लक्ष्मी बाई निर्मलकर, पुष्पा बाई साहू, डॉ. बुदी प्रकाश मूर्ति, अनिता धृतलहरे, धनेश्वर प्रसाद साहू, डॉ. मोनिका महिलांग, डॉ. दीपक कुमार टंडन, जनाब मोहम्मद फिरोज शामिल है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411